चित्रगुप्त पूजन : ज्ञान, अच्छी आय और पापों से मुक्ति का मांगा आशीर्वाद

न्यूज सर्विस/नवज्योति, डीडवाना

डीडवाना में माथुर समाज ने चित्रगुप्त भगवान के साथ कलम और दवात का पूजन कर ज्ञान, अच्छी आय और पापों से मुक्ति का आशीर्वाद मांगा। होली के बाद चैत्र कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि (भाई दूज) पर चित्रगुप्त पूजन (या कलम-दवात पूजा) की गई। यह पूजा बुद्धि, ज्ञान, लेखन और न्याय के देवता, भगवान चित्रगुप्त, जो यमराज के सचिव हैं, को समर्पित है। भगवान चित्रगुप्त को यमराज का सहायक और कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाला देवता माना जाता है। विशेष रूप से कायस्थ समाज के लिए यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, जो बुद्धि, विद्या और लेखन में सफलता के लिए मनाया जाता है। गौरतलब है कि कायस्थ समाज हमेशा से लिखने-पढ़ने से सम्बन्धित आजीविका से जुड़े हुए हैं। कायस्थ समाज द्वारा दीपावली एवं होली के बाद आने वाली द्वितीया तिथि को ये विशेष पूजन किया जाता है जिसमें भगवान चित्रगुप्त के साथ कलम दवात की पूजा की जाती है। समाज के रामचंद्र माथुर, राजेंद्र माथुर सहित समस्त समाज बंधुओं ने पूजन किया।

शीतला माता मेला 11 को

लाडनूं। कस्बे के रेगर बस्ती में श्री शीतला माता सेवा समिति की ओर से प्रतिवर्ष की भाँति शीतला माता का भव्य मेला 11 मार्च को आयोजित होगा। शीतला माता सेवा समिति के अध्यक्ष नोरतनमल तुनगरिया ने बताया शीतला माता का बास्योड़ा ठंडे पकवान व व्यंजन घरों में 10 मार्च को बनाए जाएंगे तथा रात्रि को भव्य जागरण होगा। शीतला माता को ठंडे पकवान का भोग(धोक) 11 मार्च को अल सुबह से ही लगनी शुरू हो जाएगी, इसी दिन भव्य मेला भरेगा। भागीरथ फुलवारिया ने बताया शीतला व बोदरी माता को लापसी, राबड़ी, दही, खींचड़ी, का भोग लगाया जाता है व ठंडा जल चढ़ाया जाता है।

भव्य एवं विराट शोभायात्रा निकालने का लिया निर्णय

रामनवमी महोत्सव को लेकर बैठक, समिति का गठन

न्यूज सर्विस/नवज्योति, डीडवाना

स्थानीय पंडित बच्छराज व्यास आदर्श विद्या मंदिर में आगामी श्रीरामनवमी महोत्सव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक स्वामी रामस्वरूप दास महाराज के सानिध्य में आयोजित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक रामावतार सर्राफ एवं विहिप प्रांत सहमंत्री महेन्द्र उपाध्याय, विहिप जिला संगठन मंत्री जयेश रावल भी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 26 मार्च को रामनवमी महोत्सव पर डीडवाना शहर में भव्य एवं विराट शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया।

बैठक में स्वामी रामस्वरूप दास महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए आदर्श है। उन्होंने कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व ही नहीं बल्कि सनातन संस्कृति की मर्यादा, धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला पावन अवसर है। उन्होंने सभी से रामनवमी महोत्सव को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाने का आह्वान किया। जबकि विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री महेंद्र उपाध्याय ने कहा कि जब हिंदू समाज संगठित होकर अपनी संस्कृति और धर्म के प्रति जागरूक होता है, तभी विश्व में शांति, सद्भाव और सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है।

जिला संघचालक रामावतार सर्राफ ने कहा कि समाज की शक्ति उसके संगठन और आपसी समरसता में निहित होती है। इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में एकता, सहयोग और राष्ट्रीय भावना का विस्तार होता है। रामनवमी की भव्य शोभायात्रा के केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं बल्कि समाज की सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक शक्ति का प्रतीक बनेगी। बैठक के दौरान रामनवमी महोत्सव समिति का गठन भी किया गया, जिसमें श्याम प्रताप सिंह राठौड़ को संयोजक तथा वोमेश लाल शर्मा, श्रीकृष्ण जाखड़, शैतानराम लूणिया, द्वारका प्रसाद मालावत और रामगोपाल तुनवाल को सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही शोभायात्रा हेतु अलग अलग कार्यों हेतु टोलीयों का गठन किया गया। बैठक में मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी, विहिप, नाना संगठनों के कार्यकर्ताओं सहित सर्व हिन्दू समाज के जागरूक गणमान्य बंधु सम्मिलित हुए।

शिक्षा, परीक्षा, समीक्षा के बाद होती है दीक्षा

दस वर्षिया प्रिशा सहित तीन मुमुक्षुओं ने स्वीकारा संयम जीवन

न्यूज सर्विस/नवज्योति, लाडनूं

भौतिकता की अंधी दौड़ वाले इस वर्तमान युग में अध्यात्म को स्वीकार करने का ऐतिहासिक और अद्भुत दृश्य शुक्रवार को यहां जैन विश्व भारती में देखने को मिला। योगक्षेम वर्ष के अंतर्गत आचार्य श्रीमहाश्रमण के सान्निध्य में भव्य जैन भागवती दीक्षा समारोह आयोजित हुआ, जिसमें तीन मुमुक्षुओं प्रिशा महनोत, रक्षा ओस्तवाल और प्रिशा गादीया ने संसार से संन्यास और राग से वैराग्य के मार्ग पर कदम बढ़ाते हुए संयम जीवन अंगीकार किया। समारोह इसलिए भी ऐतिहासिक बन गया क्योंकि इनमें से मात्र 10 वर्षीय बालिका प्रिशा गादीया ने इतनी लघु आयु में दीक्षा ग्रहण कर सभी को अचरज में डाल दिया। साध्वी वृंद द्वारा योगक्षेम गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। दीक्षा संस्कार की विधि से पूर्व मुमुक्षु भावना नाहटा ने दीक्षार्थियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया, जिसके पश्चात पारमार्थिक शिक्षण संस्था के बजरंग जैन ने परिजनों द्वारा लिखित आज्ञा-पत्र का वाचन किया। जिसे दीक्षार्थियों के माता-पिता ने गुरुदेव के श्रीचरणों में भेंट किया। तीनों दीक्षार्थियों द्वारा अपने वैराग्य भाव व्यक्त किए जाने के उपरांत, आचार्य श्री ने आगम सूक्तों का वाचन कर उन्हें संयम जीवन प्रदान किया। आचार्य श्री के निर्देशानुसार साध्वीप्रमुखा श्री विश्रुतविभा ने नवदीक्षित साध्वियों का केश लुंचन किया।

दीक्षा के प्रसंग पर आचार्य ने कहा कि पहले शिक्षा होती है, फिर परीक्षा और अंत में समीक्षा के बाद दीक्षा का क्रम आता है। ज्ञान के संदर्भ में केवल सूत्र पाठ ही नहीं, बल्कि अर्थ का अवबोध भी होना चाहिए ताकि आगम की बातें दिशा-निर्देशक बन सकें। इन सबके साथ मन में सेवा की भावना प्रबल रहनी चाहिए। अपनी सामर्थ्य से बीमार, वृद्ध और सेवा के अधिकारियों की यथायोग्य सेवा करें। नवदीक्षितों को संभालना, उन्हें संस्कार देना और तैयार करना एक बहुत बड़ी आध्यात्मिक सेवा है। मुनि दिनेश कुमार ने समारोह का संयोजन किया।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय (अजमेर क्षेत्र), बी- 10/11-एस, द्वितीय तल, देव प्लाजा, एयरोड्रम क्लब, पुष्कर रोड, अजमेर 305004 •फोन-0145 ajmer@bankofbaroda.com

शाखा का स्थान परिवर्तन करने हेतु सूचना

बैंक ऑफ बड़ौदा की पंचवर्तिन शाखा का स्थान परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। शीघ्र ही उक्त शाखा अपने नए परिसर 4 ग्रामकूल पंचवर्तिन नगर, मालदुआवली रोड पर संचालित होगी।
हम पंचवर्तिन शाखा के सभी सम्मानमीय ग्राहकों को विश्वास दिलाते हैं कि सभी प्रकार की बैंकिंग सेवाएँ पूर्व की भांति नए परिसर में उपलब्ध कराई जाएगी। जिन ग्राहकों के पास लॉकर सुविधा है हम उनको भरोसा दिलाते हैं कि शाखा के स्थानांतरण के समय उनके लॉकरों को अति सावधानी एवं सुरक्षा के साथ नए परिसर में स्थानांतरित किया जाएगा फिर भी यदि कोई लॉकरधारक स्थानांतरण पूर्व अपना सामान लॉकर स्थानांतरण पश्चात पुनः जमा करने की इच्छा रखते हैं तो आपसे निवेदन है कि शाखा प्रमुख से तुरंत संपर्क करें। आपकी इस इच्छा का अनुपालन के लिए हमें खेद है। इस संदर्भ में अधिक जानकारी हेतु आप शाखा प्रमुख (8094015499) से सम्पर्क कर सकते हैं।
(अनिल मिश्रा)
दिनांक : 07-03-2026; स्थान : अजमेर — उप महाप्रबन्धक एवं क्षेत्रीय प्रमुख
DNJ-389636

यूको बैंक UCO BANK
अंचल कार्यालय अजमेर, प्लॉट संख्या सी-113 एवं 114, बी के कौल नगर, अजमेर (राज.)-305001

अनुबंध के आधार पर विभीय साक्षरता सलाहकारों की नियुक्ति

यूको बैंक, भारत सरकार का एक उद्यम, इच्छुक उम्मीदवारों से ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित करता है जो किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/एसबीआई/निजी बैंक/ग्रामीण बैंक (अधिकारी संवर्ग) के पद से कम नहीं हैं और नियुक्ति के समय अग्रणी जिला बैंक कार्यालय, नागौर एवं डीडवाना-कुचामन में अनुबंध के आधार पर विभीय साक्षरता परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति के लिए आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। विस्तृत विवरण के लिए, हमारे बैंक की वेबसाइट www.uco.bank.in देखें। ऑफलाइन माध्यम से आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17.03.2026 है। पूर्ण से भरे गए आवेदन निम्नलिखित पते पर भेजें: यूको बैंक, अंचल कार्यालय अजमेर, प्लॉट संख्या सी- 113 एवं 114, बी के कौल नगर, अजमेर (राज.)-305001 स्थान: अजमेर — अंचल प्रबंधक
DNJ-389648

गाजे-बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा

धूमधाम से भरा मोतीराम बाबा का 112वां मेला

नावां सिटी। उपखंड मुख्यालय पर वार्ड संख्या 13 के छीपों का मोहल्ला स्थित सिद्ध संत मोतीराम बाबा का 112 वां वार्षिक मेला शुक्रवार को आयोजित किया गया।

इससे पहले गुरुवार रात्रि में मंदिर परिसर में जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें करणसर जयपुर से संत शिवानंद महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। कुचामन से हरीश द्वारका एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी। शुक्रवार को मेले पर सुबह मंदिर में हवन, आरती की गई व दोपहर बाद शोभायात्रा में संत का चित्र विराजमान कर नगरभ्रमण कराया गया।

शोभायात्रा में राधाकृष्ण की झांकी, भोलेनाथ एवं गणों की झांकी सजायी गई। लोगों ने संत के चित्र की पूजा कर प्रसाद लिया एवं आशीर्वाद मांगा। शोभायात्रा पीपली बाजार, बोहरों का मोहल्ला, मिश्रों का मोहल्ला, झंडा चौक, मैन मार्केट, गणेश चौक से लुहारों का मोहल्ला होते हुए जोगियों के आसन स्थित बाबा की समाधि पर पहुंच कर विसर्जित हुई।

लाडनूं की रीता महिया का आईएएस में चयन



लाडनूं। यूपीएससी की ओर से आयोजित सिविल सर्विस एग्जाम 2025 के परिणाम में लाडनूं तहसील के ग्राम भियांनी खानपुर की निवासी रीता महिया का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन हुआ है। रीता महिया ने ऑल इंडिया 332वीं रैंक हासिल की है। वह इनका चौथा प्रयास था। रीता इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को देती है। रीता ने बताया कि सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता है। जीवन में कभी निराश नहीं होना चाहिए। जो निरन्तर प्रवास करता है उसे सफलता अवश्य ही मिलती है। महिया के पिता रामाकिशन महिया चेन्नई में विजनेस करते है व माता सरोज देवी गृहिणी है। रीता की प्रारंभिक शिक्षा लाडनूं में हुई है।

बीएड प्रशिक्षणार्थियों का किया सम्मान

छोटीखाटू। महादेव बीएड कॉलेज में बीए,बीएड. चतुर्थ वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों

का सम्मान और विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान निदेशक डॉक्टर मुन्नालाल वर्मा व डॉक्टर राजेश बलारा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर बीए बीएड कर रहे प्रशिक्षणर्थियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दिनेश कुमार सारड़ीवाल ने एक अच्छे अध्यापक के गुण बताए। वहीं मनोज शर्मा मांझी ने डाल से चूका बंदर आषाढ से चूका किसान व समय से चूका इंसान कहावत कहते हुए समय का महत्व बताया। मंच संचालन वोनेश व कुलदीप शर्मा ने किया। अर्जुन, विजेंद्र, अब्दुल, मुकेश गुर्जर, ज्योति कँवर, पूजा, पलक व अन्य सभी प्रशिक्षणर्थियों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर जितेन्द्र, रामनिवास चौधरी डॉक्टर गौरव व महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda
अंचल कार्यालय जोधपुर

सार्वजनिक सूचना

बैंक ऑफ बड़ौदा, अंचल कार्यालय जोधपुर, अपने सरसापुरा फोलीटल शाखा, जोधपुर के इंटीरियर, फर्निचर, एसी, इलेक्ट्रिकल और डेटा केबलिंग कार्य हेतु पात्र वांछितकारों से निविदाएँ आमंत्रित करता है। कृपया विवरण के लिए www.bankofbaroda.bank.in देखें। अंतिम तिथि 20.03.2026 है। — महाप्रबंधक
DNJ-389632

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
जी.बी.पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान, कोसी-कटारमल, अल्मोड़ा, उत्तराखंड में निदेशक पद को भरने हेतु विज्ञापन।
विज्ञापन सं. : 15/07/2017-संस्था-I (एम.डी.)

भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कोसी-कटारमल (उत्तराखंड) में स्थित एक प्रमुख स्वायत्त संगठन जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान (जीबीपीएनआईएचई) में केन्द्र सरकार के नियमों के अनुसार स्वीकृत वेतन सहित समेकित वेतनमान (संशोधित वेतन) 2016 के अनुसार वेतन-14, वेतन मैट्रिक्स (144200-218200) पर निदेशक पद को भरने के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान में निदेशक के पद के लिए भर्ती नियमों के अनुसार प्रतिनियुक्ति के आधार पर यह पद भरा जाना प्रस्तावित है।

प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए आवेदन प्राप्त होने की अन्तिम तिथि तक आवेदन की आयु सीमा 56 वर्ष है।

इस विज्ञापन का विवरण, निर्धारित प्रपत्र और आवेदन के लिए अनुलग्नक-I, मंत्रालय की वेबसाइट https://moefeerecruitment.nic.in/mrstaging पर उपलब्ध है।

आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन है।

cbc 13101/11/0025/2526
DNA389638

हिंदू नववर्ष पर होंगे सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम

नववर्ष आयोजन समिति का गठन एवं विस्तार

न्यूज सर्विस/ नवज्योति, परबतसर

नववर्ष समारोह समिति एवं सर्व हिन्दू समाज परबतसर के तत्वावधान में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले हिन्दू नववर्ष समारोह को भव्य, आकर्षक एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने के उद्देश्य से बागड़ा निडम परिसर में योजना बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नववर्ष आयोजन समिति का गठन एवं विस्तार किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अशोक वर्मा को संयोजक तथा जितेन्द्र गौड़, कौशल त्रिपाठी, मोतीसिंह, रणजीत गोस्वामी व बजरंग मालाकार को सह संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में 18 एवं 19 मार्च को दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से धर्म, संस्कृति और परम्पराओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में आयोजन की सफलता के लिए कार्यक्रम स्थल, शोभायात्रा का मार्ग, स्वागत द्वार, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंच व्यवस्था, सजावट, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था, प्रचार-प्रसार तथा शांति एवं अनुशासन व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न कार्यों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए अलग-अलग समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि हिन्दू नववर्ष केवल एक पर्व नहीं है यह भारतीय संस्कृति, परम्परा और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक गौरव की भावना को मजबूत किया जाएगा। बैठक में शहर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित युवा उपस्थित रहे।

सेवन डेज स्मार्ट एकेडमी की 51 लाख स्कॉलरशिप की परीक्षा 29 को

नावां सिटी। नावां-मोठड़ी रोड

स्थित सेवन डेज स्मार्ट एकेडमी में विद्यार्थियों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता एवं बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन 29 मार्च को किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों की प्रतिभा, तार्किक क्षमता एवं बौद्धिक दक्षता का आकलन किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन से लककी गौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवन डेज स्मार्ट एकेडमी द्वारा योग्य विद्यार्थियों को कुल 51 लाख रुपए तक की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। पहले परीक्षा 8 मार्च को प्रस्तावित थी, अब परीक्षा की तिथि बढ़ाई गई है जो 29 मार्च को मोठड़ी में आयोजित होगी। जबकि रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 26 मार्च निर्धारित की गई है। पंजीयन के लिए अभिभावक एवं विद्यार्थी वचपन स्कूल, सीकर रोड नावां में संपर्क कर ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इस प्रतियोगिता में नावां, पांचोता, भगवानपुरा, चौसला, गुढ़ा, मारोठ, खुशियां, डाबासी, टटाना, लोहराणा, पिपराली, सावंतगढ़, सोलाया, बावली गुढ़ा, मांगलोदी, मोठड़ी सहित आसपास के सभी क्षेत्रों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।

जिला महासचिव बनने पर जाखड़ का स्वागत

डीडवाना। राष्ट्रीय वीर जाट सेना संगठन में जिला महासचिव पद महेंद्र जाखड़ को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिला महासचिव महेंद्र जाखड़ का माल्यार्पण व साफा पहनाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस मौके पर भगवाना राम पावड़िया, हरलाल बरवड़, हुसैन अफरीदी, विकास सेन, तनवीर वाल्मिकी, प्रहलाद, जितेंद्र गुणपाल, धर्मेंद्र, विक्रम मिनडासरी मौजूद रहे। इस मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि यह जिम्मेदारी समाज की सेवा, संगठन की मजबूती और युवाओं को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही इनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाज हित के कार्यों को नई गति मिलेगी।

जाबदीनगर में कृषक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

नावां सिटी। निकटवर्ती ग्राम पंचायत जाबदीनगर में शुक्रवार को गुरू

गोलवलकर आंकाक्षी ब्लॉक विकास योजना के तहत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पंचायत में किया गया। शिविर में सहायक कृषि अधिकारी सरला कुमावत, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक अनीता सामोता ने किसानों को योजना के तहत राजस्थान सरकार एवं कृषि विभाग द्वारा नावां ब्लॉक में किसान उत्पादक संगठन बनाये जाने की जानकारी दी, जिससे किसान एकजुट होकर मोलभाव करने की शक्ति को बढ़ा सकें व सस्ता इनपुट, बेहतर बाजार, वेल्यू एडीशन को बढ़ावा मिल सके। आयोजन में किसानों के साथ ही राष्ट्रीय महासभा तहसील अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रारम लोरा भी मौजूद रहे।

CLASSIFIED
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
प्रिय पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं के लिए
दैनिक नवज्योति लेकर आया है
आकर्षक ऑफर
मात्र 150/- रु. प्रति विज्ञापन [अधिकतम 25 शब्दों तक]
आवश्यकता | किराये हेतु | खरीदना | बेचना
शैक्षणिक | सीखिये | चिकित्सा | फाइनेंस
उपलब्ध | वर चाहिए | वधू चाहिए | ज्योतिष
विशेष स्कीम 3+1 तीन विज्ञापन बुक कराने पर चौथा विज्ञापन फ्री
450/- रु. (जीएसटी सहित) में चार विज्ञापन
नाम परिवर्तन एवं खोया पाया अधिकतम 30 शब्द मात्र 350/- रु. (जीएसटी सहित)
प्राइवेट स्कूल, कालेज, संस्थाओं के लिए डिस्प्ले क्लासीफाइड बहुत ही वाजिब दामों में

साइज (कॉलम x सें.मी.)	दर (BW) - 5% जीएसटी सहित
5×3	630/-
10×3	1260/-
5×6	1260/-
10×6	2520/-

3+1 तीन विज्ञापन बुक कराने पर चौथा विज्ञापन फ्री
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - दैनिक नवज्योति 9251097010

पीएम श्री प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, रा.शै.अ.प्र.प., अजमेर
प्रवेश सूचना सत्र 2026-2027

सत्र 2026-2027 में निम्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकरण दिनांक 06.03.2026 से 14.03.2026 तक उपलब्ध रहेगा।

कक्षा	बालवाटिका- 1	कक्षा प्रथम
सीटें	25	15

पंजीकरण प्रपत्र डाउनलोड करने एवं अन्य जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट www.rieajmer.raj.nic.in दिनांक 06.03.2026 से देखें। विद्यालय में सहशिक्षा है तथा यह केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सम्बद्ध है।
दूरभाष : 0145-2643900 CBC 21209/12/0009/2526 प्रधानाध्यापक
DNA-389635

पूर्वोत्तर आयुर्वेद और लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान
(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
NORTH EASTERN INSTITUTE OF AYURVEDA & FOLK MEDICINE RESEARCH
(An Autonomous Institute under the Ministry of Ayush, Government of India)
File No. Admin-16011/1/2025-NEIAFMR-ADMIN Date:19.02.2026

पासीघाट स्थित पूर्वोत्तर आयुर्वेद और लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में निदेशक पद के लिए विज्ञापन
Advertisement for the post of Director, NEIAFMR
Ref. No. L-12030/4/2024-AS (Ministry of Ayush) dated 13th February, 2026
विज्ञापन संख्या / Advt. No. 01/2026

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय, पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, पासीघाट में निदेशक के पद को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से दो प्रतियों में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह पद को प्रतिनियुक्ति (अनुबंध आधार सहित) पर अधिकतम 5 वर्ष की अवधि के लिए या सेवानिवृति की तिथि तक या सरकार द्वारा निर्धारित तिथि तक, जो भी पहले हो, भरा जाएगा। पद के लिए पात्रता शर्तें और निर्धारित आवेदन प्रारूप से संबंधित विवरण मंत्रालय की वेबसाइट www.ayush.gov.in और पूर्वोत्तर आयुर्वेद और लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की वेबसाइट www.neiafmr.org.in पर उपलब्ध हैं।

Applications are invited, in duplicate, from eligible candidates for filling up the post of Director, North Eastern Institute of Ayurveda & Folk Medicine Research (NEIAFMR), Pasighat, an autonomous body under the Ministry of Ayush, Government of India to be filled-up on deputation including contract basis for a period not exceeding 5 years or till the date of retirement or as decided by the Government, whichever is the earliest. The details regarding eligibility conditions for the post and prescribed application format, are available in the website of Ministry www.ayush.gov.in and North Eastern Institute of Ayurveda & Folk Medicine Research www.neiafmr.org.in

निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन, उचित माध्यम से श्री अब्दुल सादिक खान, अवर सचिव (आयुर्वेद), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली- 110023 को रोजगार समाचार में पद के विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के भीतर पहुँच जाना चाहिए।

The application in the prescribed proforma complete in all respect should reach through proper channel to Shri Abdul Sadiq Khan, Under Secretary (Ayurveda), Ministry of Ayush, Govt. of India, Ayush Bhawan, B- Block, GPO Complex, INA, New Delhi - 110023 within 45 days from the date of publication of the Advertisement for the post in Employment News/Rozgar Samachar.

प्रशासनिक अधिकारी / Administrative Officer
पू. आ. लो.चि.अ.सं पासीघाट / NEIAFMR Pasighat

cbc17218/12/0006/2526
DNA389640

CM / K